Title: Need to provide better telephone services in Muzaffarpur, Vaishali and Sitamarhi districts of Bihar.

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : महोदया, बिहार राज्य के मुफ्फरपुर, वैशाली और सीतामढ़ी जिले में क्रमश: वर्ष 1993, 1994 और 1995 से टेलीफोन लेने के लिए प्रतीक्षा सूची में आवेदन लम्बित है। मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज और देवरिया से टेलीफोन से बातें नहीं हो पातीं। सरैया बड़का गांव आदि का एक्सचेंज खराब है। फूलवरिया मड़वन आदि गांवों में अभी तक एक्सचेंज नहीं बैठाया गया है।

उपरोक्त सभी कठिनाइओं को दूर करने हेतु उपरोक्त जिले के सभी गांवों में टेलीफोन लगाने और त्रुटिपूर्ण एक्सचेंज को दुरूस्त करने की मांग मैं करता हूं।

(इति)